वर्ष :-2 अंक:-4 29, जनवरी,2026 गुरुवार




अपना शहर अपना खबर

# अपना नालन्दा

नालंदा का नंबर -1 डिजिटल अखबार www.apnanalanda.com

## जैव चिकित्सा अपशिष्ट खुले में फेंकने पर नगर निगम सख्त, निर्देश जारी



संजय कुमार,बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत स्थित अस्पताल, नर्सिंग होम, क्लीनिक, औषधालय, पशु चिकित्सा संस्थान, पशुगृह, प्रयोगशालाएं, रक्त बैंक, आयुष संस्थान, क्लिनिकल प्रतिष्ठान, शैक्षणिक संस्थान, स्वास्थ्य शिविर, चिकित्सा एवं शल्य चिकित्सा शिविर, टीकाकरण शिविर, रक्तदान शिविर, विद्यालयों के प्राथमिक चिकित्सा कक्ष, फॉरेंसिक प्रयोगशालाएं तथा अनुसंधान प्रयोगशालाओं से निकलने वाले जैव-चिकित्सा अपशिष्ट को खुले में फेंके जाने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। इससे गंभीर संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बनी रहती है, जिसे किसी भी स्थिति में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि यह कृत्य जैव-चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली (Biomedical Waste Management Rules), समय-समय पर यथा संशोधित, तथा बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 (समय-समय पर यथा संशोधित) का सीधा उल्लंघन है। नियमावली के अंतर्गत सभी संबंधित संस्थानों पर यह कानूनी दायित्व है कि वे जैव-चिकित्सा अपशिष्ट एवं सामान्य अपशिष्ट का पृथक्करण कर निर्धारित मानकों के अनुसार सुरक्षित प्रबंधन एवं निष्पादन सुनिश्चित करें।इस संबंध में नगर आयुक्त कुमार निशांत विवेक ने सभी संबंधित संस्थानों को निर्देश दिया है कि वे Biomedical Waste Management Rules के प्रावधानों का अनिवार्य रूप से पालन करें। किसी भी परिस्थिति में खुले स्थान पर अपशिष्ट डम्पिंग नहीं की जाए। जैव-चिकित्सा अपशिष्ट को निर्धारित रंगीन थैलियों में संग्रहित कर अधिकृत एजेंसी के माध्यम से निस्तारण कराया जाए।

नगर आयुक्त ने चेतावनी दी है कि भविष्य में निरीक्षण के दौरान यदि किसी भी संस्थान द्वारा नियमों का उल्लंघन पाया गया तो संबंधित के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। इसमें जुर्माना एवं अन्य दंडात्मक प्रावधान भी लागू किए जाएंगे।

नगर निगम ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि यदि कहीं जैव-चिकित्सा अपशिष्ट खुले में फेंका हुआ दिखाई दे तो इसकी सूचना तुरंत नगर निगम को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर जनस्वास्थ्य की रक्षा की जा सके।

## श्रम विभाग की कार्रवाई, सोहसराय से एक बाल श्रमिक विमुक्त



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। श्रम संसाधन विभाग, बिहार के निर्देश के आलोक में बिहारशरीफ प्रखंड के सोहसराय क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया। यह कार्रवाई श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सतीश सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष धावा दल द्वारा की गई। अभियान के तहत क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानों में सघन जांच अभियान चलाया गया।

जांच के दौरान सोहसराय क्षेत्र के एक प्रतिष्ठान से एक बाल श्रमिक को मुक्त कराया गया। इस संबंध में श्रम अधीक्षक अश्विनी कुमार ने बताया कि नालंदा जिला अंतर्गत बाल श्रम उन्मूलन को लेकर यह अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी प्रतिष्ठान में बाल श्रमिक पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहतप्राथमिकी दर्ज कराने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विमुक्त बाल श्रमिक को आवश्यक संरक्षण एवं पुनर्वास हेतु बाल कल्याण समिति, बिहारशरीफ, संबंधित नियोजक के विरुद्ध स्थानीय थाना नालंदा के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

इस धावा दल में सतीश सिंह, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी बिहारशरीफ, राकेश कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी थरथरी, चांदनी रस्तोगी, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी हरनौत, आईडिया संस्था नालंदा से उज्ज्वल कुमार एवं अश्विनी कुमार, तथा प्रयास संस्था से शैलेंद्र कुमार शामिल थे। वहीं, सोहसराय थाना से पुलिस बल ने भी अभियान में सहयोग किया।

श्रम विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं भी बाल श्रमिक कार्य करते दिखाई दें तो इसकी सूचना तुरंत संबंधित विभाग या थाना को दें, ताकि बच्चों को शिक्षा और सुरक्षित भविष्य मिल सके।

## कझियावां गांव में आगजनी से किसान की धान की फसल नष्ट



थरथरी (नालंदा)। थरथरी थाना क्षेत्र अंतर्गत कझियावां गांव में असामाजिक तत्वों द्वारा आगजनी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस घटना में गांव निवासी अनिरुद्ध कुमार (25 वर्ष), पिता जगदीश प्रसाद का लगभग छह बीघा धान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया।

पीड़ित किसान अनिरुद्ध कुमार ने बताया कि उन्होंने कटे हुए धान को गांव के बाहर खंधा (बाहा) में पुंज बनाकर रखा था। बीती रात अज्ञात असामाजिक तत्वों ने उसमें आग लगा दी। आग की लपटें उठती देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल अग्निशमन विभाग को दी। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक धान का पूरा पुंज जलकर राख हो चुका था।

घटना की जानकारी मिलने पर अंचल कर्मचारी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और क्षति का आकलन किया। पीड़ित किसान ने बताया कि इस आगजनी से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है और परिवार के समक्ष गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है।

अनिरुद्ध कुमार ने इस संबंध में थरथरी थाना एवं अंचल कार्यालय में आवेदन देकर घटना की निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा नियमानुसार मुआवजा देने की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार की घटनाएं किसानों की मेहनत पर पानी फेर देती हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में गश्ती बढ़ाई जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आगजनी के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम के निधन पर समाजसेवी अरविंद सिन्हा ने किया दुःख व्यक्त




विजय प्रकाश उर्फ पिन्नु,नूरसराय (अपना नालंदा)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार से जुड़ी विमान दुर्घटना की खबर सामने आने के बाद नालंदा जिले के जाने-माने समाजसेवी सह परविंदर इंटरप्राइजेज के निदेशक अरविंद कुमार सिन्हा ने गहरी चिंता एवं शोक संवेदना व्यक्त की है।

समाजसेवी अरविंद कुमार सिन्हा ने कहा कि अजित पवार महाराष्ट्र की राजनीति का एक प्रमुख चेहरा हैं और उन्होंने राज्य की राजनीति में लंबा योगदान दिया है। इस प्रकार की दुर्घटना की सूचना से सभी लोग आहत हैं और ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ एवं सुरक्षित रहने की प्रार्थना की जा रही है।

इस अवसर पर परविंदर इंटरप्राइजेज के क्षेत्रीय कार्यालय में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में उपस्थित कर्मियों एवं समाजसेवियों ने दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की कि किसी भी प्रकार की अनहोनी से सभी सुरक्षित रहें।

शोक सभा में अरविंद कुमार सिन्हा के अलावा एचआर प्रवीण कुमार, तपस कुमार मांझी, अमन सिंह, प्रणव कुमार, आरती सक्सेना, पल्लवी कुमारी, अमाया सिन्हा, नम्रता कुमारी, रामानंद प्रसाद, रंजीत मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि के साथ ऐसी घटना की खबर पूरे देश को चिंतित कर देती है।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि देश के सभी जनप्रतिनिधि सुरक्षित रहें और जनसेवा का कार्य निरंतर करते रहें।


SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED RERA APPROVED APPROVED
Project Registration Number
BRERAP19200101102525043 2E00
from ₹4251 TO ₹4551/*sq.ft
60% Free Area
COMFORT, LUXURY WELLNESS
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

## मध्यस्थता केंद्र की बैठक में "मेडिएशन फॉर द नेशन" पर जोर



रंजीत कुमार,बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहारशरीफ स्थित जिला मध्यस्थता केंद्र में सुपरवाइजिंग कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय रविंद्र कुमार ने की। बैठक का उद्देश्य न्यायिक प्रक्रिया को अधिक सरल, सुलभ एवं प्रभावी बनाना तथा लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे पर विचार करना था।बैठक के दौरान "मेडिएशन फॉर द नेशन 2.4" कार्यक्रम पर विशेष रूप से चर्चा की गई। बताया गया कि यह अभियान 2 जनवरी से प्रारंभ किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य आपसी सहमति के माध्यम से विवादों का समाधान करना है। इस अभियान के तहत विभिन्न श्रेणियों के सुलहनीय एवं सहमति योग्य मामलों की पहचान कर सुनवाई की जाएगी, जिसमें दोनों पक्षों की सहमति अनिवार्य होगी।जानकारी दी गई कि चयनित मामलों का निपटारा 1 फरवरी से 31 मार्च के बीच विशेष अभियान के रूप में किया जाएगा। इस दौरान पारिवारिक विवाद, वैवाहिक मामले, छोटे दीवानी विवाद एवं अन्य सुलहनीय प्रकरणों को प्राथमिकता दी जाएगी।अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने कहा कि मध्यस्थता प्रक्रिया से न्यायालयों पर कार्यभार कम होगा तथा पक्षकारों को त्वरित, कम खर्चीला और सौहार्दपूर्ण न्याय मिलेगा। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे इस अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और आपसी संवाद के माध्यम से अपने विवादों का समाधान करें।बैठक में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय रणविजय कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह सब जज राजेश कुमार गौरव तथा अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी बल दिया।

## अखंड कीर्तन को लेकर अंधना बेलदारी गांव में निकली गई कलश शोभा यात्रा



विजय प्रकाश उर्फ पिन्नु,नूरसराय (अपना नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र के अंधना बेलदारी गांव स्थित देवी स्थान में आयोजित होने वाले अखंड कीर्तन को लेकर ग्रामीण कन्याओं एवं महिलाओं द्वारा भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। कलश शोभा यात्रा की शुरुआत नूरसराय प्रखंड कार्यालय के समीप स्थित मां दुर्गा मंदिर से की गई।

श्रद्धालु फतुहां स्थित त्रिवेणी घाट से लाए गए पवित्र गंगाजल को कलश में भरकर सिर पर रखकर शोभा यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान "जय श्री राम" और "जय माता दी" के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में गूंज उठा।

कलश यात्रा मां दुर्गा मंदिर से प्रारंभ होकर अंधना मोड़, अंधना गांव, नया टोला एवं झामा गांव का भ्रमण करते हुए अंधना बेलदारी गांव स्थित देवी स्थान पहुंचकर संपन्न हुई। शोभा यात्रा के समापन के पश्चात पुरोहित लवकुश पांडेय द्वारा वैदिकमंत्रोच्चार के साथ अखंड कीर्तन का शुभारंभ कराया गया।

अखंड कीर्तन 24 घंटे तक चलेगा। कीर्तन के दौरान गांव में चूल्हा नहीं जला और ग्रामीणों ने फलाहार ग्रहण किया। "हरे राम हरे राम, हरे कृष्ण हरे कृष्ण" की ध्वनि से पूरा अंधना बेलदारी गांव भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु भजन-कीर्तन में लीन होकर आध्यात्मिक आनंद का अनुभव करते नजर आए।

इस आयोजन में कपिल जमादार, सुरेश राम, भूषण जमादार, बासुदेव जमादार, डोमन जमादार, विनोद जमादार सहित अन्य ग्रामीणों ने सक्रिय भूमिका निभाई। सभी ने आयोजन को शांतिपूर्ण एवं सफल बनाने में सहयोग किया।

ग्रामीणों ने बताया कि अखंड कीर्तन से गांव में सुख-शांति एवं समृद्धि का वातावरण बनता है तथा आपसी भाईचारे की भावना मजबूत होती है।






# हमारी पाठशाला फेज-4 में बच्चों की प्रतियोगिता एवं परीक्षा संपन्न




राजगीर (अपना नालंदा)। बुधवार को बिहार वाटर डेवलपमेंट सोसायटी, सेवा केंद्र कुर्जी द्वारा सिलाव प्रखंड स्थित "हमारी पाठशाला फेज-4" के बच्चों के बीच वार्षिक जांच परीक्षा एवं प्रतियोगिता का आयोजन कड़ाह बाजार स्थित सामुदायिक भवन परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की शैक्षणिक क्षमता का मूल्यांकन करना तथा उनमें प्रतिस्पर्धा एवं आत्मविश्वास की भावना विकसित करना था।कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिला स्तरीय प्रशिक्षक नालंदा रमेश कुमार पान, कृष्णा हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, राजगीर की स्वास्थ्य कर्मी निशि प्रिया तथा बिहार वाटर डेवलपमेंट सोसायटी सेवा केंद्र कुर्जी, पटना के समन्वयक एलोसियस ओस्ता सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया।इस अवसर पर समन्वयक एलोसियस ओस्ता ने कहा कि बिहार वाटर डेवलपमेंट सोसायटी के माध्यम से विद्यालय पूर्व शिक्षा का संचालन किया जा रहा है, जिसमें बच्चों की नियमित उपस्थिति आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर विशेष बल दिया।

समाजसेवी रमेश कुमार पान ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रारंभिक शिक्षा ही बच्चों के भविष्य की नींव होती है, इसलिए उन्हें खेल-खेल में सीखने का अवसर दिया जाना चाहिए।

वार्षिक परीक्षा एवं प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पाठ्य सामग्री देकर पुरस्कृत किया गया। साथ ही सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में पर्यवेक्षक साहिल राज ने उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर अन्नी कुमारी (कड़ाह बाजार), आरती कुमारी (गंधुपुर), सोनू कुमार (सुरुमपुर), सुमन कुमार (लक्ष्मीपुर), राजेश कुमार (जगदीशपुर), राजेश कुमार (जुआफर बाजार), दिनेश प्रसाद (इंद्रानगर) सहित सभी बच्चे एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# फाइलेरिया उन्मूलन हेतु नारायणपुर व कचहरिया पंचायत में जागरूकता रैली




थरथरी (अपना नालंदा)। फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर थरथरी प्रखंड अंतर्गत 10+2 उच्च विद्यालय पमारा त्रिभुवन बिगहा एवं मध्य विद्यालय कचहरिया में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली 10 फरवरी से प्रारंभ होने वाले सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से निकाली गई। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रधानाध्यापक की अध्यक्षता में तथा पीरामल फाउंडेशन के सहयोग से किया गया।

जागरूकता रैली में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गांव की गलियों में भ्रमण करते हुए आमजन को फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव एवं दवा सेवन के महत्व के प्रति जागरूक किया। इस दौरान बच्चों ने "एमडीए की गोली, फाइलेरिया से छुटकारा", "10 फरवरी को सबका सहारा एमडीए अभियान से जुड़ें", "10 फरवरी को दवा लें, बिहार को फाइलेरिया मुक्त बनाएं" जैसे प्रेरणादायक नारों के माध्यम से लोगों को संदेश दिया कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम में सभी की भागीदारी आवश्यक है।

रैली के माध्यम से ग्रामीणों को यह भी जानकारी दी गई कि फाइलेरिया एक गंभीर लेकिन पूरी तरह से रोकी जा सकने वाली बीमारी है और समय पर दवा का सेवन करने से इसे जड़ से समाप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की सक्रिय भूमिका रही। रैली के दौरान ग्रामीणों में दवा सेवन को लेकर सकारात्मक जागरूकता देखने को मिली।इस अवसर पर पीरामल फाउंडेशन की ओर से गांधी फेलो ईश्वर पाल, रितिका पंत तथा एमडीए कोऑर्डिनेटर रामप्रवेश कुमार उपस्थित रहे। पीरामल फाउंडेशन द्वारा ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समुदाय को जोड़ते हुए फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।









# मोहिउद्दीनपुर गांव में शंकराचार्य पब्लिक स्कूल का उद्घाटन संपन्न



नगरनौसा (अपना नालंदा)। नगरनौसा थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहिउद्दीनपुर गांव में बुधवार को शंकराचार्य पब्लिक स्कूल का विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में नगरनौसा थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा ने फीता काटकर विद्यालय का शुभारंभ किया।


इस अवसर पर थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा ने कहा कि शिक्षा ही वह शक्ति है जो समाज को आगे बढ़ाने का कार्य करती है। शिक्षा के अभाव में किसी भी समाज का समुचित विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के विद्यालयों की स्थापना से बच्चों को घर के समीप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, जिससे अभिभावकों को भी सुविधा होगी।


उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ अनुशासन, नैतिक शिक्षा और खेलकूद पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए।

विद्यालय के संस्थापक निरंजन पासवान ने कहा कि शंकराचार्य पब्लिक स्कूल की स्थापना का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता लाना है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में प्रशिक्षित शिक्षकों के माध्यम से आधुनिक पद्धति से पढ़ाई कराई जाएगी। साथ ही बच्चों के लिए स्वच्छ वातावरण एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण, अभिभावक एवं विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। लोगों ने विद्यालय खुलने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के बच्चों को बेहतर भविष्य बनाने का अवसर मिलेगा।

कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया तथा विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। समारोह सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।



अपना नालंदा
अपना शहर अपना खबर
अपना नालन्दा


# एसडीओ ने नगरनौसा पीएचसी का औचक निरीक्षण कर दिए निर्देश




नगरनौसा (अपना नालंदा)। हिलसा अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) अमित कुमार पटेल ने बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, नगरनौसा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, लेबर रूम, प्रयोगशाला (लैब), शौचालय सहित अन्य विभागों का जायजा लिया तथा व्यवस्थाओं में सुधार को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एसडीओ ने रोस्टर के अनुसार चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ की उपस्थिति की भी जांच की, जिसमें कुछ कर्मी अनुपस्थित पाए गए। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी कर्मी समय पर अपनी ड्यूटी पर उपस्थित रहें और मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि मरीजों की सुविधा, अस्पताल की स्वच्छता तथा आपात सेवाओं की निर्बाध उपलब्धता प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई व्यवस्था और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की भी जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिया कि लेबर रूम और इमरजेंसी सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए तथा सभी जरूरी संसाधन हमेशा तैयार हालत में रहें।

स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के उपरांत एसडीओ अमित कुमार पटेल ने नगरनौसा प्रखंड स्थित कैला पैक्स (जन वितरण प्रणाली) का भी निरीक्षण किया। उन्होंने राशन वितरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि लाभुकों को निर्धारित मात्रा में अनाज एवं सामग्री समय पर उपलब्ध कराई जाए।इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) ओमप्रकाश कुमार तथा अंचलाधिकारी (सीओ) सत्येंद्र कुमार भी मौजूद थे। अधिकारियों ने एसडीओ को स्वास्थ्य केंद्र एवं पैक्स से संबंधित अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। निरीक्षण से स्वास्थ्य कर्मियों एवं संबंधित विभागों में कार्य प्रणाली को लेकर सतर्कता बढ़ी है।

# मिल्कीमहुअरी गांव में स्वर्गीय साधु पंडित की पुण्यतिथि मनाई गई



मोहम्मद जियाउद्दीन,इस्लामपुर (अपना नालंदा)। इस्लामपुर प्रखंड के मिल्कीमहुअरी गांव में बुधवार को समाजसेवी स्वर्गीय साधु पंडित की 17वीं पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों से जुड़े कार्यकर्ताओं तथा ग्रामीणों ने उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन निवेदित किया।

उपस्थित लोगों ने अपने संबोधन में कहा कि स्वर्गीय साधु पंडित एक समर्पित समाजसेवी थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में दलितों, शोषितों और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष किया। वे समाज में व्याप्त कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाते रहे और हमेशा न्याय एवं समानता के पक्ष में खड़े रहे। वक्ताओं ने कहा कि भले ही वे आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके विचार और कार्य आज भी लोगों को प्रेरित करते हैं। सभी ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।पुण्यतिथि के अवसर पर स्वर्गीय साधु पंडित के पुत्र नगीना पंडित एवं पुत्रवधू शकुंतला कुमारी द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। साथ ही सामूहिक भोज का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

इस मौके पर सरपंच संघ के अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह उर्फ दानी यादव, भानु चंद्र मिश्रा, रामप्यारे मिस्त्री, संजय पंडित, भातु पंडित, श्रीकांत राव, सुनील पंडित, यदुनंदन मोची, रन्नु पंडित, रंगेश कुमार, राजेश कुमार, राहुल कुमार, दीपक कुमार, शीतल कुमारी, अमित कुमार, पिरन्या प्रजापति, रूदल राज, राजेंद्र पंडित, उदय पंडित, सुरेंद्र प्रसाद सहित कई गणमान्य लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।






P
CR CLASSROOM POINT
BEST EDUCATION FOR BEST SCORE
VI | VII | VIII | IX | X (CBSE)
PRE NURTURE FOUNDATION FOR
NTSE | OLYMPIAD | IJSO
Phy | Chem | Maths | Bio | Eng | SST
XI | XII (CBSE/BSEB)
JEE (Mains/Adv) & NEET
Phy | Chem | Maths | Bio | Eng
New Batch Announced
for Class VI to X with foundation from
28 Jan
Session (2026-27)
Saraswati Puja
& Republic Day Offer
FREE ADMISSION
Batch Time : 4:00 PM to 6:00 PM
Our Classroom Advantage :
Expert Faculty
Weekly Scholarship
Study Material
CCTV Campus
TEST
Weekly Test
Doubts Counter
Shri Laxmi Sudama Complex
Khandakpar more, Bihar Sharif (803101)
+91 62028 19264
+91 95347 11704

अपना नालंदा
अपना शहर अपना खबर
अपना नालन्दा



# नालंदा विश्वविद्यालय में बिहार केंद्रित कथक नृत्य प्रस्तुति






संजय कुमार,बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित सुषमा स्वराज सभागार में भारतीय शास्त्रीय नृत्य की परंपरा और बिहार की प्राचीन सभ्यतागत चेतना का एक मनोरम संगम देखने को मिला। प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना श्रीमती स्वाति सिन्हा तथा उनके कुशल नृत्य समूह ने अपनी मंत्रमुग्धकारी बिहार केंद्रित कथक नृत्य प्रस्तुति से दर्शकों को बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, ऐतिहासिक गौरव और भावनात्मक गहराई से परिचय कराया।

यह कार्यक्रम भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर), पटना क्षेत्रीय कार्यालय के सहयोग से आयोजित हुआ, जिसमें आईसीसीआर की क्षेत्रीय निदेशक (बिहार एवं झारखंड) सुश्री स्वधा रिज़वी ने कुशल समन्वय प्रदान किया।

कथक की शास्त्रीय भाषा में रचित इस नृत्य-नाट्य प्रस्तुति ने बिहार की सभ्यतागत यात्रा को अत्यंत भावपूर्ण और प्रतीकात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। गंगा, सोन और गंडक जैसी पवित्र नदियों के प्रवाह को मुद्राओं और लय के माध्यम से जीवंत किया गया, तो नालंदा और विक्रमशिला जैसे प्राचीन विश्व-विद्या केंद्रों की स्मृति को भाव-भंगिमाओं में उकेरा गया। प्रस्तुति में प्रवास, संघर्ष, बौद्ध-जैन दर्शन की आलोकित विरासत, मगध साम्राज्य की शक्ति, तथा स्वतंत्रता संग्राम में बिहार के योगदान को एक सशक्त सांस्कृतिक कथा के रूप में पिरोया गया- जिसने अतीत, वर्तमान और भविष्य को एक सूत्र में बाँध दिया।

स्वाति सिन्हा की गहन अभिव्यक्ति, ताल-लय का सटीक संयोजन, सूक्ष्म मुद्राओं की भाषा और समूह की एकजुट ऊर्जा ने सभागार को बार-बार तालियों की गड़गड़ाहट और भावुकता से भर दिया। स्वाति सिन्हा, जो मूलतः पटना से हैं और वर्तमान में दिल्ली में कार्यरत हैं, प्रसिद्ध कथक गुरु पं. राजेंद्र गंगानी की शिष्या रही हैं। दूरदर्शन की 'ए' ग्रेड कलाकार के रूप में वे देश-विदेश में अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय शास्त्रीय नृत्य को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित करती रही हैं।

नालंदा विश्वविद्यालय के बहु-सांस्कृतिक और अंतरराष्ट्रीय छात्र समुदाय की उपस्थिति में आयोजित यह प्रस्तुति विश्वविद्यालय की उस मूल भावना को प्रतिबिंबित करती है, जहाँ प्राचीन विरासत समकालीन विमर्श से संवाद करती है।

# हरनौत प्रखंड कार्यालय में खेल विकास को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित



हरनौत (अपना नालंदा)। बुधवार को हरनौत प्रखंड कार्यालय परिसर में जिला खेल पदाधिकारी की अध्यक्षता में खेल गतिविधियों के सुदृढ़ीकरण एवं पंचायत स्तर पर खेलों के विकास को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में खेल सुविधाओं के विस्तार तथा युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना था।

बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नितेश रंजन सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा पंचायत स्तर से आए खेल अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्षों ने भी बैठक में भाग लेकर अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं एवं सुझावों को साझा किया।

समीक्षा बैठक के दौरान पंचायतों में खेल मैदानों के विकास, खेल सामग्री की उपलब्धता, नियमित खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन तथा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें आगे बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला खेल पदाधिकारी ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए आवश्यक हैं, बल्कि युवाओं को अनुशासन और नेतृत्व का गुण भी सिखाते हैं।

उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि वे आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें, ताकि पंचायत स्तर पर खेल गतिविधियों को अधिक प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की खेल विकास योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक युवाओं तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पंचायत स्तर पर नियमित रूप से खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा और खिलाड़ियों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही विद्यालय स्तर पर भी खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

अंत में जिला खेल पदाधिकारी ने सभी पंचायत प्रतिनिधियों से अपेक्षा की कि वे अपने क्षेत्रों में खेलों के प्रति जागरूकता फैलाएं और युवाओं को खेल से जोड़ने में सक्रिय भूमिका

# जिला स्तरीय टीएलएम मेले में शिक्षिका नम्रता सिंह प्रथम स्थान पर






बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। उत्क्रमित मध्य विद्यालय उपरावां (UPRAWAN) की शिक्षिका नम्रता सिंह की मेहनत और लगन रंग लाई है। उन्होंने जिला स्तरीय टीएलएम मेला "निपुण 3.0" में गणित विषय में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया है।उल्लेखनीय है कि नम्रता सिंह ने इससे पूर्व सीआरसी एवं बीआरसी स्तर पर भी गणित विषय में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। प्रधानाध्यापक के निर्देशन तथा विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों के सहयोग से उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। उनकी सफलता का क्रम लगातार जारी है।

आज दिनांक 28 जनवरी 2026 को राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, कमरुद्दीनगंज में जिला स्तरीय टीएलएम मेला "निपुण 3.0" का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले भर से प्रतिभागियों ने भाग लिया। नम्रता सिंह ने अपने नवाचारी शिक्षण-अधिगम सामग्री (टीएलएम) के माध्यम से गणित विषय को सरल, रोचक एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे निर्णायक मंडल विशेष रूप से प्रभावित हुआ।

प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय उपरावां के प्रधानाध्यापक धनंजय कुमार एवं सभी शिक्षकों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

विद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की है कि नम्रता सिंह आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नालंदा जिले का नाम गौरवान्वित करेंगी। उनकी सफलता से अन्य शिक्षकों को भी नवाचार एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के लिए प्रेरणा मिलेगी।

# नालंदा नाई संघ ने जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। अखिल भारतीय नाई संघ ट्रेड यूनियन, नालंदा की ओर से मंगलवार देर शाम बिहारशरीफ के पालिका बाजार स्थित शिव मंदिर सामुदायिक भवन में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 102वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार शर्मा ने की, जबकि मंच संचालन जिला संयोजक राकेश बिहारी शर्मा ने किया।

समारोह की शुरुआत संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा कर्पूरी ठाकुर के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। अध्यक्षीय संबोधन में रंजीत कुमार शर्मा ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर केवल एक नेता नहीं, बल्कि एक विचारधारा थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 1952 में पहली बार विधानसभा चुनाव जीतने वाले कर्पूरी ठाकुर शिक्षा मंत्री, उपमुख्यमंत्री तथा दो बार मुख्यमंत्री रहे। उपमुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने अंग्रेजी की अनिवार्यता समाप्त की और उर्दू को द्वितीय राजभाषा का दर्जा दिलाया। मुख्यमंत्री बनने पर उन्होंने देश में पहली बार पिछड़ा वर्ग आरक्षण लागू किया तथा पांच एकड़ तककी भूमि पर मालगुजारी समाप्त की।

संयोजक राकेश बिहारी शर्मा ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर सामाजिक समरसता के प्रतीक थे। उन्होंने राजनीति को समाज सेवा का माध्यम बनाया और सभी वर्गों के हित में कार्य किया। वे निर्भीक स्वतंत्रता सेनानी, महान विचारक और गरीब-शोषितों के मसीहा थे।राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन के पदाधिकारी मकसूदन शर्मा ने कहा कि उनके विचारों को जीवित रखने के लिए नई पीढ़ी को आगे आना होगा। कर्पूरी ठाकुर ने सामंतवाद और जाति-धर्म के नाम पर फैलाए जाने वाले उन्माद का हमेशा विरोध किया।


कार्यक्रम में उपाध्यक्ष रंजीत कुमार अकेला, अरुण बिहारी शरण, विक्रम कुमार, चंदन कुमार, राकेश कुमार, बबलू शर्मा, अशोक ठाकुर, संतोष कुमार शर्मा, मुरारी कुमार, सूरज ठाकुर, सुधीर कुमार, उमेश शर्मा, रामप्रवेश ठाकुर, मुन्ना शर्मा, विजय कुमार, भोला ठाकुर, नंदकिशोर कुमार, जनार्दन ठाकुर, सुरेंद्र प्रसाद, श्रवन शर्मा, अनिल कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में महिलाओं की भागीदारी पर महापौर ने दिया जोर




सुजीत कुमार,पटना (अपना नालंदा)। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के प्रचार-प्रसार एवं जनभागीदारी को सशक्त बनाने के उद्देश्य से पटना नगर निगम द्वारा राजकीय महिला महाविद्यालय, गुलज़ारबाग, पटना में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता पर आधारित जागरूकता गीतों की प्रस्तुति तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई।
कार्यक्रम का उद्घाटन पटना नगर निगम की महापौर श्रीमती सीता साहू एवं महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती श्रुति तेतरवे द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर महापौर सीता साहू ने छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में महिलाओं की भूमिका निर्णायक है। उन्होंने सभी से सक्रिय सहभागिता की अपील करते हुए कहा कि नागरिकों के सहयोग से ही स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर शहर का निर्माण संभव है। उन्होंने छात्राओं से स्वच्छ आदतों को अपनाकर पटना को स्वच्छता रैंकिंग में अग्रणी बनाने में योगदान देने का आह्वान किया।जागरूकता कार्यक्रम के दौरान लोक गायिका एवं स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने स्वच्छता पर आधारित लोकगीतों की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। "सबसे बड़ा है गहना साफ रहना" और "घर-घर अलख जगाएँगे, स्वच्छ पटना बनाएँगे" जैसे गीतों पर छात्राएँ एवं शिक्षिकाएँ उत्साह से झूम उठीं। राजेश केशरी द्वारा भी स्वच्छता विषयक गीत प्रस्तुत किए गए।कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेकर स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। वाद-विवाद प्रतियोगिता में सिल्की कुमारी, वैष्णवी कुमारी एवं निम्मी कुमारी विजेता रहीं। इस अवसर पर महाविद्यालय की शिक्षिकाएँ एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे। संगीत संगत में हारमोनियम पर राजू मिश्रा तथा तबले पर श्याम जी ने सहयोग दिया।
यह कार्यक्रम स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 को जन-आंदोलन बनाने की दिशा में पटना नगर निगम का एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है

# भूमि विवाद को लेकर विजय कुमार पांडेय ने प्रशासन से सुरक्षा मांगी



पटना (अपना नालंदा)। आलमगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बिस्कोमान कॉलोनी के प्यारेलाल बाग निवासी विजय कुमार पांडेय ने भूमि विवाद से जुड़े मामले को लेकर प्रेस वार्ता कर प्रशासन से सुरक्षा और न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने बताया कि उनकी मां के नाम से दर्ज पुश्तैनी जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है, जो वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है।
विजय कुमार पांडेय का कहना है कि उक्त जमीन शीतला मंदिर के पास स्थित है। आरोप है कि कुछ लोगों द्वारा फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन को अन्य व्यक्तियों को बेच दिया गया और वर्ष 2019 में जबरन कब्जा करने का प्रयास किया गया। इसी दौरान हुए विवाद में गोलीबारी की घटना हुई, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनका कहना है कि इस घटना में उनके एक मित्र भी घायल हुए थे तथा एक व्यक्ति की मृत्यु हुई थी। इलाज के बाद उनकी जान बच सकी।
उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में जमीन पर कब्जा करने को लेकर उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं। कुछ लोगों द्वारा झूठे मुकदमे में फंसाने तथा जान से मारने की कोशिश किए जाने की बात भी उन्होंने कही। पांडेय ने यह भी आरोप लगाया कि उनकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए उनके घर के आसपास निगरानी की जा रही है, जिससे उनके परिवार की सुरक्षा को खतरा है।
विजय कुमार पांडेय ने दावा किया कि उनके पास जमीन से संबंधित वैध दस्तावेज उपलब्ध हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें और उनके परिवार को तत्काल सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए, पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए तथा न्यायालय के अंतिम निर्णय तक विवादित जमीन पर किसी प्रकार का कब्जा न होने दिया जाए। उन्होंने कहा कि समय रहते कार्रवाई नहीं होने पर किसी अप्रिय घटना की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।

# विमान हादसे में मृतकों को राजद नेताओं ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

पटना (अपना नालंदा)।महाराष्ट्र में हुए विमान हादसे में उपमुख्यमंत्री अजीत पवार सहित छह लोगों की आकस्मिक मृत्यु पर राष्ट्रीय जनता दल परिवार की ओर से गहरा शोक व्यक्त किया गया है। इस दुखद घटना को लेकर राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी एवं राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने गहरी संवेदना प्रकट की है।
पटना, 28 जनवरी 2026।
राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगदानंद सिंह एवं उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, राष्ट्रीय महासचिव डॉ कांति सिंह, जयप्रकाश नारायण यादव, भोला यादव, सैयद फैसल अली एवं बिनु यादव ने इस हादसे पर शोक व्यक्त किया।
इसके अलावा राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो. मनोज कुमार झा, सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव, संजय यादव, राष्ट्रीय सचिव कार्तिकेय कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह एवं डॉ तनवीर हसन, पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता एवं शिवचंद्र राम, प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद तथा डॉ उर्मिला ठाकुर ने भी संवेदना व्यक्त की।
राजद नेताओं ने अपने संयुक्त शोक संदेश में



कहा कि यह दुर्घटना अत्यंत पीड़ादायक एवं अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें तथा उनके परिजनों को इस असह्य दुःख को सहन करने की शक्ति दें।
राष्ट्रीय जनता दल परिवार इस दुःख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है।

# हरनौत में जिला स्तरीय ओपन दिव्यांग खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



हरनौत (अपना नालंदा)। स्थानीय बाजार स्थित फुटबॉल स्टेडियम परिसर में बुधवार को जिला स्तरीय ओपन दिव्यांग खेल प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य दिव्यांग खिलाड़ियों को खेल के माध्यम से प्रोत्साहित करना तथा उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ जिला खेल पदाधिकारी शालिनी प्रकाश एवं राष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी कुंदन कुमार पांडेय द्वारा किया गया।
प्रतियोगिता के दौरान दौड़ सहित विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के अलग-अलग प्रखंडों से आए दिव्यांग खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेलों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि खेल के क्षेत्र में दिव्यांग खिलाड़ी भी अपनी मेहनत और लगन से नई पहचान बना सकते हैं।प्रतियोगिता के दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन सिन्हा के निर्देशन में मेडिकल टीम की तैनाती की गई थी। टीम में सीएचओ बबीता कुमारी एवं मिथिलेश कुमार शामिल थे। खिलाड़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 16 प्रकार की आवश्यक दवाएं तथा पांच प्रकार के उपकरण जैसे ग्लूकोमीटर, थर्मामीटर एवं स्फिग्मोमैनोमीटर आदि उपलब्ध कराए गए थे। हल्की चोट या अस्वस्थता होने पर खिलाड़ियों का तत्काल उपचार किया गया। कार्यक्रम का समापन विधिवत रूप से किया गया। आयोजकों ने कहा कि भविष्य में भी इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित कर दिव्यांग खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर दिया जाएगा। प्रतियोगिता के सफल आयोजन से खिलाड़ियों और दर्शकों में उत्साह का माहौल